Question Booklet Sl. No.

Total No. of Printed Pages : 7

# HINDI
## (Second Language)

Time : 3 Hours 15 Minutes

Max. Marks : 100

सूचनाएँ :
1) प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है ।
2) सभी प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में ही लिखिए ।
3) प्रश्नपत्र में छः भाग हैं ।

## भाग – I

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए : (12×1=12)

1) ईश्वर की किरपा हम पर रहें ।

(रेखांकित शब्द का तत्सम रूप पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| कृपा | क्रुपा | करपा |

2) मुन्ना कल शहर जाएगा ।

(क्रिया विशेषण शब्द पहचानकर लिखिए ।)

3) 1900 – हिंदी अक्षरों में लिखिए ।

4) देश ____________ नाम रोशन करो ।

(सही कारक चिह्न पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| का | के | की |

5) लोकगीत शास्त्रीय संगीत से अलग हैं ।

(समास की सही जोड़ी पहचानकर लिखिए ।)

i) लोकगीत – तत्पुरुष समास

ii) शास्त्रीय संगीत – द्विगु समास

6) <u>विद्यालय</u> साफ–सुथरा होना चाहिए ।

(रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद कीजिए ।)

7) जिसका अंत न हो । (एक शब्द में लिखिए ।)

8) पाठशाला की सफाई के लिए छात्रों ने <u>कमर कसली</u> ।

(रेखांकित मुहावरे का अर्थ पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| तैयार होना | ज्ञानोदय होना | शरीर ढ़कना |

9) लड़का गाता है । (लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए ।)

10) वह कल आएगा । (वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए ।)

11) यह तो कोई यान है । (वाक्य को भूतकाल में बदलकर लिखिए ।)

12) सीता गाँव गया । (शुद्ध रूप में लिखिए ।)

## भाग – II

II. प्रश्न संख्या 13 से 16 तक दिए गए गद्यांश, पद्यांश पढ़कर निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए :

13) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर उत्तर पहचानकर लिखिए । **(5×1=5)**

हमारे ग्रह के जल में एक विशेष प्रकार के विषाणुओं के मिल जाने के कारण वह ज़हरीला हो गया है । उसके उपयोग से हमारे ग्रह पर महामारी फैल गई है, जिससे वहाँ के लोग मरने लगे हैं । हमने तो उन विषाणुओं को नष्ट कर दिया है, लेकिन जल में घुले ज़हर को अभी तक पहचान नहीं पाए हैं । जल को विषहीन बनाने में समय लगेगा । पानी के अभाव में हमारे लोग मर रहे थे ।

अपने अस्तित्व के लिए हमने निर्णय लिया कि हम जल्द-से-जल्द अन्य किसी ग्रह की खोज कर वहाँ का पानी अपने ग्रह पर ले जाएँगे । अपने ग्रह के लोगों का जीवन बचाएँगे । हमारी नज़र आपके नीले ग्रह पर पडी, जो हमसे अधिक नज़दीक था । हम यहाँ उतर गए ।

प्रश्न :

अ) "दुरुपयोग" शब्द का विलोम शब्द पहचानकर लिखिए ।

आ) "पानी" का पर्यायशब्द पहचानकर लिखिए ।

इ) "ईला" प्रत्यय से बना हुआ शब्द पहचानकर लिखिए ।

ई) हमने विषाणुओं को नष्ट कर दिया । इस वाक्य में सर्वनाम शब्द पहचानकर लिखिए ।

उ) हम यहाँ उतर गए । इस वाक्य में क्रिया शब्द पहचानकर लिखिए ।

14) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए । (5×1=5)

रिमझिम-रिमझिम क्या कुछ कहते बूँदों के स्वर,

रोम सिहर उठते छूते वे भीतर अंतर ।

धाराओं पर धाराएँ झरती धरती पर,

रज के कण-कण में तृण-तृण को पुलकावली थर ।।

प्रश्न :

अ) बूँदों का स्वर कैसा है ?

A) रिमझिम रिमझिम
B) डम डम डम डम
C) कण कण
D) तृण तृण तृण तृण

आ) बूँदों के स्वर कहाँ छूते हैं ?

A) भीतर अंतर
B) भीतर बाहर
C) भीतर और धरती पर
D) भीतर और थर पर

इ) धाराओं पर धाराएँ कहाँ झरती हैं ?

A) पर्वत पर
B) घर पर
C) धरती पर
D) जंगल में

ई) 'रज' शब्द का अर्थ क्या है ?

A) सोना

B) चाँदी

C) तांबा

D) मिट्टी

उ) प्रस्तुत पद्यांश के कवि कौन हैं ?

A) सुमित्रानंदन पंत

B) निशंक

C) दिनकर

D) रैदास

15) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए । (5×1=5)

**पश्चिम की तरफ नज़र फैलाई तो दूर-दूर तक पहाड़ियों की श्रेणियाँ नज़र आई । आसमान में बादल घिरे रहने से सूरज की धूप का कहीं नामोंनिशान तक न था । बादलों का रंग साँवला होने के कारण गोदावरी के धूलि-धूसरित मटमैले जल की झाँई और भी गहरी हो रही थी ।**

प्रश्न :

अ) लेखक ने किस ओर नज़र फैलाई ?

आ) दूर-दूर तक किसकी श्रेणियाँ नज़र आई ?

इ) आसमान किससे घिरे थे ?

ई) बादलों का रंग कैसा था ?

उ) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से दिया गया है ?

16) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए । (5×1=5)

**कानूनन बाल मज़दूरी करवाना एक अपराध है । इस दशक के अंत तक हमें इसे जड़ से समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए । भारतीय संसद ने भी संविधान संशोधन अधिनियम 2002 के माध्यम से 6**

से 14 वर्ष के बच्चों के लिए शिक्षा पाने के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में घोषित कर दिया गया है । यह बहुत जरूरी है कि बच्चे अभिभावकों को नशाखोरी से मुक्ति दिलाने के लिए मुहिम चलायें और प्रौढ़ शिक्षा के माध्यम से उन्हें शिक्षित करने की व्यवस्था भी करें ।

प्रश्न :

अ) कानूनन कौन–सी मज़दूरी करवाना अपराध है ?

A) बाल मज़दूरी
B) युवा मज़दूरी
C) वृद्ध मज़दूरी
D) गुलामी

आ) शिक्षा पाने का मौलिक अधिकार किसे हैं ?

A) बूढ़ों को
B) बच्चों को
C) दूसरों को
D) धनवानों को

इ) अभिभावकों को कौन–सी शिक्षा के माध्यम से शिक्षित करें ?

A) नैतिक
B) निजी
C) प्रौढ़
D) स्कूली

ई) नशाखोरी से किसे मुक्ति दिलाने की मुहिम चलाएँ ?

A) बच्चों को
B) युवाओं को
C) वृद्धों को
D) अभिभावकों को

3) धरती के सवाल अंतरिक्ष के जवाब किस तरह का पाठ है ?

A) साक्षात्कार
B) एकांकी
C) यात्रा वृत्तांत
D) कहानी

**III.** प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 4 पंक्तियों में लिखिए : **(2×4=8)**

17) प्रकृति चित्रण के बेजोड कवि सुमित्रानंदन पंत का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

18) विख्यात लेखक काका कालेलकर का साहित्यिक परिचय दीजिए ।

## भाग – IV

**IV.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 3-4 वाक्यों में लिखिए : **(8×3=24)**

19) रहीम के अनुसार सच्चे मित्र की पहचान कब होती है ?

20) कवि दिनकर के अनुसार कण-कण का अधिकारी कौन हैं ? क्यों ?

21) हामिद ने मेले में क्या खरीदा ? क्यों खरीदा ?

22) हिंदी रोजगार पाने का माध्यम है । कैसे ?

23) अंतरिक्ष यात्री कहाँ से आए थे ? किस लिए आए थे ?

24) नेल्सन मंडेला के जीवन से हमें क्या संदेश मिलता है ?

25) अरुणा की ममता पर अपने विचार बताइए ।

26) राजू ने अपने स्कूल को किस तरह का उपहार समर्पित किया ?

## भाग – V

**V.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए :

27) किसी एक प्रश्न का उत्तर 8-10 पंक्तियों में लिखिए । **(1×10=10)**

अ) भारतवासी दुनिया को पावन धाम कैसे बनाएँगे "हम भारतवासी" कविता के आधार पर लिखिए ।

अथवा

आ) भक्तिकालीन कवि रैदास का परिचय देते हुए उनके पदों का भाव स्पष्ट कीजिए ।

28) किसी **एक** प्रश्न का उत्तर **8-10** पंक्तियों में लिखिए । **(1×10=10)**

अ) लोकगीत ग्रामीण जनता के मनोरंजन का साधन है । भारत के विभिन्न प्रांतों में गाये जाने वाले लोकगीतों के बारे में लिखिए ।

**अथवा**

आ) वीरांगना लक्ष्मीबाई स्वराज्य के नींव का पत्थर बनी । स्वराज्य की नींव पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

## भाग – VI

**VI.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए :

29) किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×8=8)**

अ) आवश्यक पुस्तकें खरीदने के लिए पैसे माँगते हुए पिताजी के नाम पत्र लिखिए ।

**अथवा**

आ) किसी कालेज में प्रवेश पाने के लिए प्राचार्य के नाम पत्र लिखिए ।

30) किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×8=8)**

अ) भारत को साफ सुथरा देखना गाँधीजी का सपना था । इसको साकार करने में 'स्वच्छ भारत अभियान' ही एक मात्र उपाय है । इस पर अपने विचार स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

आ) अपने मन पसंद त्यौहार का वर्णन करते हुए निबंध लिखिए ।